भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 985**
उत्तर देने की तारीख 10 फरवरी, 2025
सोमवार, 21 माघ 1946 (शक)

आंध्र प्रदेश में कौशल अंतर संबंधी अध्ययन

985. श्री केसिनेनी शिवनाथ:

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क( विगत पांच वर्षों के दौरान क्षेत्रीय कौशल परिषद द्वारा किए गए कौशल अंतर संबंधी अध्ययनों की संख्या का वर्षवार ब्यौरा क्या है;

(ख( आन्ध्र प्रदेश राज्य में उन जिलों की संख्या का ब्यौरा क्या है, जहां उक्त अध्ययन किए गए हैं;

(ग( क्या सरकार को उक्त राज्य के नवगठित जिलों में उक्त अध्ययन कराने के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं; और

(घ( यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी(

(क) से (घ) भारत सरकार के कुशल भारत मिशन (एसआईएम) के अंतर्गत, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) विभिन्न योजनाओं अर्थात् प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्द्धन योजना (एनएपीएस) और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के माध्यम से शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) के अंतर्गत कौशल विकास केंद्रों आदि के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से आंध्र प्रदेश राज्य सहित देश भर में समाज के सभी वर्गों को कौशल, पुनर्कौशल

और कौशलोन्नयन प्रशिक्षण प्रदान करता है। सिम का उद्देश्य भारत के युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करना और उन्हें उद्योग से संबंधित कौशल से युक्त करना है।

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने उद्योग जगत के अग्रणी उद्योगपतियों के नेतृत्व में 36 सेक्टर स्किल काउंसिल (एसएससी) का गठन किया है। इन एसएससी को संबंधित क्षेत्रों की कौशल विकास आवश्यकताओं की पहचान करने के साथ-साथ कौशल अर्हता मानकों को निर्धारित करने का काम सौंपा गया है। एसएससी समय-समय पर कौशल अंतराल अध्ययन आयोजित करते हैं जो आवश्यक कौशल के बारे में जानकारी प्रदान करते हैं। इस तरह के अध्ययन उद्योग की जरूरतों के अनुसार कार्यबल तैयार करने के लिए सरकार के अन्तःक्षेप का मार्गदर्शन करते हैं। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश राज्य सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में स्थापित जिला कौशल समितियों (डीएससी) को जमीनी स्तर पर कौशल विकास और कार्यान्वयन के लिए विकेंद्रीकृत योजना को बढ़ावा देने के लिए जिला कौशल विकास योजना (डीएसडीपी) तैयार करने का काम सौंपा गया है। डीएसडीपी रोजगार के अवसरों के साथ-साथ जिले में कौशल की संबंधित मांग वाले क्षेत्रों की पहचान करते हैं और कौशल प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध सुविधाओं का मैपिंग करते हैं। सरकार के कौशल विकास कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों में पहचाने गए कौशल अंतराल को पाटने के लिए डिज़ाइन और कार्यान्वित किए जाते हैं। आंध्र प्रदेश राज्य के लिए, वर्ष 2024-25 के लिए सभी जिलों के लिए डीएसडीपी प्राप्त हो चुके हैं।

एसएससी द्वारा वर्ष 2019 से दिनांक 31.01.2025 तक किए गए कौशल अंतराल अध्ययनों की स्थिति अनुबंध-**I** में दी गई है। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश में एसएससी द्वारा वर्ष 2019 से दिनांक 31.01.2025 तक किए गए कौशल अंतराल अध्ययनों में शामिल जिलों का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

अनुबंध-I

'आंध्र प्रदेश में कौशल अंतर अध्ययन' के संबंध में दिनांक 10.02.2025 को पूछे जाने वाले लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 985 के भाग (क) से (घ) में दिए जाने वाले उत्तर से संबंधित अनुबंध

वर्ष 2019 से एसएससी द्वारा किए गए कौशल अंतर अध्ययनों की स्थिति:

| क्र.सं. | एसएससी का नाम | प्रकाशन की तिथि |
|---|---|---|
| 1. | भारतीय कृषि कौशल परिषद | वर्ष 2023 |
| 2. | परिधान मेड अप्स और होम फर्निशिंग सेक्टर कौशल परिषद (एएमएच एसएससी) | जून 2021 |
| 3. | ऑटोमोटिव कौशल विकास परिषद | 2019 |
| 4. | भारतीय बीएफएसआई क्षेत्र कौशल परिषद | फरवरी 2020 |
| 5. | भारतीय निर्माण कौशल विकास परिषद | सितंबर 2022 |
| 6. | इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र कौशल परिषद | वर्ष 2023 |
| 7. | खाद्य उद्योग क्षमता और कौशल पहल | वर्ष 2022 |
| 8. | भारतीय रत्न और आभूषण कौशल परिषद | अकतूबर 2020 |
| 9. | हाइड्रोकार्बन क्षेत्र कौशल परिषद | सितंबर 2022 |
| 10. | भारतीय लौह और इस्पात एसएससी | अक्तूबर 2022 |
| 11. | आईटी-आईटीईएस क्षेत्र कौशल परिषद | नव. 23/दिस. 2023 |
| 12. | जीवन विज्ञान क्षेत्र कौशल परिषद | 31 दिस. 2023 |
| 13. | मीडिया और मनोरंजन कौशल परिषद | जून 2021 |
| 14. | हरित नौकरियों के लिए कौशल परिषद | (i) वर्ष 2022/वर्ष 2023<br>(ii) मई 2023<br>(iii) मार्च 2023<br>(iv) मार्च 2023<br>(v) मार्च 2024 |
| 15. | खनन क्षेत्र के लिए कौशल परिषद | सितंबर 2020 |
| 16. | दूरसंचार क्षेत्र कौशल परिषद | मार्च 2024 |
| 17. | वस्त्र क्षेत्र कौशल परिषद | वर्ष 2022-23 |
| 18. | पर्यटन एवं आतिथ्य कौशल परिषद | मार्च 2024 |
| 19. | प्रबंधन और उद्यमशीलता और व्यावसायिक कौशल परिषद | (i) वर्ष 2018 रिपोर्ट<br>(ii) ड्राफ्ट स्किल गैप रिपोर्ट जुलाई 2024 |
| 20. | स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र कौशल परिषद | वर्ष 2019 |
| 21. | सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र कौशल परिषद | मार्च 2023 |
| 22. | लॉजिस्टिक्स सेक्टर कौशल परिषद | 19 जुलाई 2024 तक अद्यतन |
| 23. | पूंजीगत सामान एसएससी | नव-23 |
| 24. | हस्तशिल्प और कालीन क्षेत्र कौशल परिषद | सित-23 |
| 25. | इंस्ट्रूमेंटेशन स्वचालन, निगरानी और संचार एसएससी | मार्च-24 |

| क्र.सं. | एसएससी का नाम | प्रकाशन की तिथि |
|---|---|---|
| | (आईएएससी एसएससी) | |
| 26. | खुदरा विक्रेता एसोसिएशन की स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया | वि-वर्ष 2022-2023 से वर्ष 2026 तक |
| 27. | चमड़ा एसएससी चमड़ा क्षेत्र कौशल परिषद | अगस्त 2023 के तीसरे सप्ताह तक । |
| 28. | एयरोस्पेस और एविएशन क्षेत्र कौशल परिषद | दिस.-23 |
| 29. | पावर सेक्टर कौशल परिषद | Sep-23 |
| 30. | खेल, शारीरिक शिक्षा, फिटनेस और अवकाश क्षेत्र कौशल परिषद | Mar -24 |
| 31. | जल प्रबंधन और नलसाज कौशल परिषद | अक्तू.-24 |
| 32. | घरेलू श्रमिक क्षेत्र कौशल परिषद-(डीडब्ल्यूएसएससी) | (i) केपीएमजी – 2013<br>(ii) अर्बन क्लैप – 2018<br>(iii) टीआईएसएस – 2020<br>(iv) इन हाउस सर्वे – जुलाई 2024 |
| 33. | रबर, रसायन और पेट्रोकेमिकल कौशल विकास परिषद | वर्ष 2022 |

अनुबंध-II

**आंध्र प्रदेश राज्य में वर्ष 2019 से एसएससी द्वारा आयोजित जिले-वार कौशल अंतराल अध्ययन की स्थिति:**

| क्र.सं. | एसएससी का नाम | जिला |
|---|---|---|
| 1 | हस्तशिल्प और कालीन क्षेत्र कौशल परिषद | एनटीआर, पश्चिम गोदावरी, पूर्वी गोदावरी और अनाकापल्ले |
| 2 | पर्यटन और आतिथ्य कौशल परिषद | तिरूपति, विशाखापत्तनम (विजाग), नेल्लोर, अमरावती, चित्तौड़ और कोनसीमा |
| 3 | ऑटोमोटिव कौशल विकास परिषद | आंध्र प्रदेश के सभी जिले |
| 4 | सौंदर्य और कल्याण क्षेत्र कौशल परिषद | आंध्र प्रदेश के सभी जिले |
| 5 | दूरसंचार क्षेत्र कौशल परिषद | एनटीआर, विशाखापत्तनम, एलुरु, वाईएसआर, कृष्णा, गोदावरी, गुंटूर, चितूर, नेल्लोर, श्रीकाकुलम, अनंतपुर, पालनाडु |
| 6 | भारतीय निर्माण कौशल विकास परिषद | आंध्र प्रदेश के सभी जिले |
| 7 | जीवन विज्ञान क्षेत्र कौशल विकास परिषद | श्रीकाकुलम, विशाखापत्तनम, विजयनगरम, गुंटूर, कृष्णा, चितूर |
| 8 | रबर, रसायन और पेट्रोकेमिकल कौशल विकास परिषद | विशाखापत्तनम-काकीनाडा, पीसीपीआईआर, पूर्वी गोदावरी, पश्चिम गोदावरी, कृष्णा, गुंटूर, प्रकाशम, एसपीएसआर, नेल्लोर, चितूर, कुरनूल, अनंतपुर |
| 9 | हाइड्रोकार्बन एसएससी | आंध्र प्रदेश के सभी जिले |
| 10 | मीडिया और मनोरंजन कौशल परिषद | आंध्र प्रदेश के सभी जिले |

*****